**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1008**
**25 जुलाई, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**तमिलनाडु में स्वास्थ्य क्षेत्र की परियोजनाएँ**

**†1008. श्री सी. एन. अन्नादुरईः**

**क्या स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु में सरकार द्वारा शुरू की गई, अनुमोदित की गई अथवा वर्तमान में कार्यान्वित की जा रही स्वास्थ्य क्षेत्र की विभिन्न परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है तथा इन परियोजनाओं के उद्देश्य, दायरा और प्रकृति क्या है;

(ख) उक्त राज्य में उपर्युक्त स्वास्थ्य परियोजनाओं के लिए निर्धारित या आवंटित कुल अनुमानित व्यय कितना है, तथा प्रत्येक परियोजना के पूर्ण होने की अनुमानित समय-सीमा तथा प्रमुख उपलब्धियां क्या हैं;

(ग) क्या उक्त राज्य में इन स्वास्थ्य परियोजनाओं के कार्यान्वयन या निष्पादन में कोई देरी हुई है और यदि हां, तो ऐसी देरी के विशिष्ट कारण क्या हैं तथा सरकार द्वारा इन मुद्दों के समाधान और समय पर प्रगति सुनिश्चित करने के लिए क्या उपचारात्मक/सुधारात्मक उपाय किए गए हैं; और

(घ) उक्त राज्य में स्वास्थ्य परियोजनाओं की निरंतर एवं त्वरित प्रगति सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या रणनीतिक/परिचालनात्मक कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) : तमिलनाडु में कई केन्द्र प्रायोजित योजनाओं और कार्यकलापों का प्राथमिकत: निम्नलिखित के अंतर्गत समर्थन किया गया है: :

(i) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम)
(ii) प्रधान मंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम)
(iii) 15वां वित्त आयोग स्वास्थ्य अनुदान

इन कार्यक्रमों के कार्यकलाप और फोकस क्षेत्र में शामिल हैं:

(i) सरकारी सुविधाकेंद्रों में शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (एएएम), एकीकृत जन स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं (आईपीएचएल) और क्रिटिकल केयर ब्लॉकों (सीसीबी) का निर्माण/सुदृढ़ीकरण।

(ii) निम्नलिखित परियोजनाओं का कार्यान्वयन:

(क) दुर्लभ रोगों और नवजात शिशु की जांच हेतु आनुवंशिक प्रयोगशाला
(ख) हेपेटाइटिस बी संचरण की रोकथाम
(ग) मधुमेह पैर की जटिलताओं की शीघ्र पहचान/उपचार
(घ) गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए एचपीवी डीएनए जांच सुविधाकेंद्र
(ङ) थैलेसीमिया या सिकल सेल एनीमिया से ग्रस्त पैदाइस को रोकने के प्रयास
(च) कम वजन वाले शिशुओं के लिए कंगारू मदर केयर (केएमसी) को बढ़ावा देना
(छ) बाल स्तनपान प्रबंधन केंद्रों (सीएलएमसी) और स्तनपान प्रबंधन इकाइयों (एलएमयू) में सुविधाकेंद्र आधारित स्तनपान के लिए संभार सहायता

(iii) सरकारी स्वास्थ्य अवसंरचना में उपयोग के लिए प्रमुख चिकित्सा उपकरणों (एमआरआई, सीटी, एक्स-रे, यूएसजी, इको, डायलिसिस मशीन, सीआर यूनिट, मैमोग्राम) की खरीद।

इसके अलावा, **तमिलनाडु राज्य में निम्नलिखित प्रमुख कार्यक्रम संबंधी कार्यकलापों और उपलब्धियाँ हासिल की गई हैं:**

(i) गहन परिचर्या, निदान और अवसंरचना:

- तमिलनाडु के लिए ₹1,656.32 करोड़ के कुल केंद्रीय परिव्यय द्वारा 2021-26 के दौरान 708 शहरी-एएएम, 38 आईपीएचएल और 37 सीसीबी के निर्माण/सुदृढीकरण की योजना (प्रशासनिक अनुमोदन प्रदत्त) बनाई गई है।

(ii) निःशुल्क दवा एवं निदान पहल:

- जन सुविधाकेंद्रों में दवाओं और निदान तक बेहतर पहुंच हेतु राज्य की आवश्यक दवाओं की सूची राष्ट्रीय स्तर की अनुशंसा से भी अधिक।

(iii) केंद्रीय योजनाओं के माध्यम से कवरेज:

- पीएम-जेएवाई, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम (सभी 38 जिले शामिल, 1,276 मशीनें, 1,46,363 मरीजों को सेवा प्रदत्त)
- कई सुविधाकेंद्रों को 'लक्ष्य और मुस्कान' गुणवत्ता प्रमाणन प्राप्त।

(ख): पिछले तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु राज्य में विभिन्न स्वास्थ्य परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए केन्द्र सरकार द्वारा निर्गत धनराशि का ब्यौरा निम्नानुसार है:

(करोड़ रुपये में)

| **वित्त वर्ष** | **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन** | **पीएमएबीएचआईएम** | **15वां-वित्त आयोग** |
|---|---|---|---|
| 2023-24 | 1,996.06 | 279.36 | 838.94 |
| 2024-25 | 1,742.67 | 224.99 | 870.40 |
| 2025-26 | 316.33 | 11.44 | - |

(ग) और (घ) : भारत सरकार तमिलनाडु राज्य सहित पूरे देश में स्वास्थ्य सेवा सुविधाकेंद्रों को सुदृढ़ बनाने के लिए दृढ़ प्रयास कर रही है। योजनाओं की कार्यान्वयन प्रगति और निष्पादन की निरंतर समीक्षा बैठकों,

एनएचएम और कॉमन रिव्यू मिशन (सीआरएम) द्वारा किए गए क्षेत्रीय दौरों के माध्यम से नियमित रूप से निगरानी की जाती है। स्वास्थ्य संकेतकों और कार्यान्वयन की स्थिति का आकलन करने के लिए आवधिक मूल्यांकन (जैसे, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण, नमूना पंजीकरण प्रणाली) का उपयोग किया जाता है।

*****